*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

**टी. बी. सी. : JNUP-B-GKL**

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

क्रम संख्या 1156709

# परीक्षण पुस्तिका
# सामान्य ज्ञान

**A**

*समय : दो घण्टे*

*पूर्णांक : 100*

## अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि न हो । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें ।**
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है । किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा ।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें ।
6. ***सभी*** प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर *केवल उत्तर-पत्रक* अधीक्षक को सौंप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं ।
10. **ग़लत उत्तरों के लिए दंड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दंड दिया जाएगा ।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दंड के रूप में काटा जाएगा ।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही, उसी तरह का दंड दिया जाएगा ।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दंड नहीं** दिया जाएगा ।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

***Note :*** English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.

1. एक व्यक्ति अपने नेत्रों से निकट की वस्तुओं को स्पष्ट रूप से देख सकता है किंतु दूर की वस्तुओं को स्पष्ट रूप से ***नहीं*** देख सकता है । इस दोष का/के संभावित कारण क्या हो सकता/सकते है/हैं ?

1. नेत्र लेंस में अत्यधिक वक्रता
2. नेत्र-गोलक बहुत छोटे हो गए हैं
3. नेत्र लेंस की फोकस दूरी बहुत अधिक है
4. नेत्र-गोलक का लंबा हो जाना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 4

(c) केवल 1 और 4

(d) केवल 1 और 3

2. कार से की गई किसी यात्रा पर विचार कीजिए जिसे नीचे दिए गए ग्राफ में तीन भागों A, B और C में निरूपित किया गया है । इन भागों में कार की चाल क्रमशः $v_a$, $v_b$ और $v_c$ है :




इस स्थिति में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) $v_a < v_b < v_c$

(b) $v_b > v_a > v_c$

(c) $v_a = v_b = v_c$

(d) $v_a > v_b$ ; $v_a > v_c$

3. 50 cm वक्रता त्रिज्या वाले अवतल दर्पण का उपयोग ऐसी किसी वस्तु का प्रतिबिंब निर्मित करने के लिए किया जाता है जिसे दर्पण के मुख्य अक्ष पर इससे 25 cm की दूरी पर रखा गया है । दर्पण से प्रतिबिंब की स्थिति क्या होगी ?

(a) अनंत पर

(b) 50 cm पर

(c) 25 cm पर

(d) 75 cm पर

4. यदि चंद्रमा को पृथ्वी के निकट इस प्रकार से लाया जाता है कि पृथ्वी से इसकी दूरी मूल दूरी की आधी हो जाती है, तब पृथ्वी और चंद्रमा के बीच गुरुत्वाकर्षण बल :

(a) घट कर इसके मूल मान का आधा हो जाएगा ।

(b) बढ़ कर इसके मूल मान का दोगुना हो जाएगा ।

(c) मूल मान के समान रहेगा ।

(d) बढ़ कर इसके मूल मान का चार गुना हो जाएगा ।

5. ध्वनि बूम तब उत्पन्न होता है जब किसी ध्वनि स्रोत की चाल :

(a) ध्वनि की चाल की तुलना में अधिक होती है ।

(b) प्रकाश की चाल की तुलना में अधिक होती है ।

(c) ध्वनि की चाल की तुलना में कम होती है ।

(d) ध्वनि की चाल के बराबर होती है ।

6. स्वर्ण, टिन और सीसा तत्त्वों के लिए क्रमशः निम्नलिखित में से कौन-से प्रतीक सही हैं ?

(a) Ga, Sb, Pb

(b) At, Sn, Le

(c) Au, Sn, Pb

(d) Au, Sb, Pb

1. A person can see near objects clearly through his eyes but ***cannot*** see distant objects clearly. The possible reason(s) for this defect could be :

1. Excessive curvature of the eye lens.
2. The eye-ball has become too small.
3. The focal length of the eye lens is too large.
4. Elongation of the eye-ball.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 and 4 only

(c) 1 and 4 only

(d) 1 and 3 only

2. Consider a journey by a car represented by the graph given below in three parts A, B and C. The speed of the car in these parts is $v_a$, $v_b$ and $v_c$, respectively :




Which one of the following is correct in this case ?

(a) $v_a < v_b < v_c$

(b) $v_b > v_a > v_c$

(c) $v_a = v_b = v_c$

(d) $v_a > v_b ; v_a > v_c$

3. A concave mirror of radius of curvature 50 cm is used to form an image of an object kept at a distance of 25 cm from the mirror on its principal axis. What will be the position of the image from the mirror ?

(a) At infinity

(b) At 50 cm

(c) At 25 cm

(d) At 75 cm

4. If the Moon is brought closer to the Earth such that its distance from the Earth becomes half of the original distance, then the gravitational force of attraction between the Earth and the Moon would :

(a) reduce to half of its original value.

(b) increase to two times of its original value.

(c) remain the same as the original value.

(d) increase to four times of its original value.

5. Sonic boom is produced when a source of sound travels at a speed :

(a) greater than the speed of sound.

(b) greater than the speed of light.

(c) lesser than the speed of sound.

(d) equal to the speed of sound.

6. Which one among the following are the correct symbols for the elements gold, tin and lead, respectively ?

(a) Ga, Sb, Pb

(b) At, Sn, Le

(c) Au, Sn, Pb

(d) Au, Sb, Pb

7. शुक्र और मंगल ग्रहों के वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की प्रतिशतता कितनी है ?

(a) 45 – 47%

(b) 52 – 55%

(c) 74 – 77%

(d) 95 – 97%

8. किसी यौगिक में विद्यमान संघटकों को पृथक करने के लिए निम्नलिखित में से किस विधि का उपयोग किया जाता है ?

(a) वैद्युत-रासायनिक विधि

(b) तापन विधि

(c) प्रभाजी आसवन

(d) अपघटन के बाद आयन विनिमय

9. दीवारों पर सफेदी करने के दौरान, बुझा हुआ चूना वायु में उपस्थित कार्बन डाइऑक्साइड के साथ धीमी गति से अभिक्रिया करके दीवारों पर कैल्सियम कार्बोनेट की एक पतली परत बना देता है । निम्नलिखित में से कौन-सी अभिक्रिया इसे सही रूप में निरूपित करती है ?

(a) $CaO\ (s) + CO_2\ (g) \rightarrow CaCO_3\ (s)$

(b) $CaO\ (l) + CO_2\ (g) \rightarrow CaCO_3\ (s)$

(c) $Ca(OH)_2\ (l) + CO_2\ (l) \rightarrow CaCO_3\ (s) + H_2O\ (l)$

(d) $Ca(OH)_2\ (aq) + CO_2\ (g) \rightarrow CaCO_3\ (s) + H_2O\ (l)$

10. निम्नलिखित समीकरणों में से कौन-सा नीचे दी गई अभिक्रिया के लिए संतुलित रासायनिक समीकरण है ?

$Fe + H_2O \rightarrow Fe_3O_4 + H_2$

(a) $Fe + 4H_2O \rightarrow Fe_3O_4 + H_2$

(b) $3Fe + H_2O \rightarrow Fe_3O_4 + 2H_2$

(c) $3Fe + 4H_2O \rightarrow Fe_3O_4 + 4H_2$

(d) $3Fe + 4H_2O \rightarrow Fe_3O_4 + H_2$

11. पर्णविन्यास शब्द किसके प्रतिरूप (पैटर्न) से संदर्भित है ?

(a) पत्तियों का विन्यास

(b) तने में शाखन

(c) शाखा में पुष्प बनना

(d) पुष्पों का विन्यास

12. डीएनए और निम्नलिखित में से किससे गुणसूत्र बने होते हैं ?

(a) लिपिड

(b) विटामिन

(c) प्रोटीन

(d) कार्बोहाइड्रेट

13. जीवाणु में एक अस्पष्ट केंद्रक प्रदेश होता है जिसमें केंद्रकीय झिल्ली नहीं होती है और केवल प्रोटीनरहित डीएनए होता है। ऐसे प्रदेश को क्या कहते हैं ?

(a) केंद्रिकाभ

(b) केंद्रक

(c) केंद्रक प्रोटीन

(d) केंद्रकाभ

14. किसी वनस्पति कोशिका के नीचे दिए गए सरलीकृत आरेख में पाँच भागों/कोशिकांगों को 1 से 5 तक चिह्नित किया गया है :




निम्नलिखित में से कौन-सा, उपर्युक्त भागों/कोशिकांगों को सही रूप से निरूपित करता है ?

(a) 1 – कोशिका झिल्ली; 2 – कोशिका भित्ति; 3 – रसधानी; 4 – अंतर्द्रव्यी जालिका; 5 – केंद्रक

(b) 1 – कोशिका भित्ति; 2 – कोशिका झिल्ली; 3 – अंतर्द्रव्यी जालिका; 4 – रसधानी; 5 – केंद्रक

(c) 1 – कोशिका भित्ति; 2 – कोशिका झिल्ली; 3 – अंतर्द्रव्यी जालिका; 4 – केंद्रक 5 – रसधानी

(d) 1 – कोशिका भित्ति; 2 – कोशिका झिल्ली; 3 – रसधानी 4 – अंतर्द्रव्यी जालिका; 5 – केंद्रक

7. How much percentage of carbon dioxide is present in the atmosphere of Venus and Mars ?
(a) 45 – 47%
(b) 52 – 55%
(c) 74 – 77%
(d) 95 – 97%

8. Which among the following methods is used to separate the constituents present in a compound ?
(a) Electrochemical method
(b) Heating method
(c) Fractional distillation
(d) Decomposition followed by ion exchange

9. During white-washing of walls, slaked lime reacts slowly with carbon dioxide in air to form a thin layer of calcium carbonate on the walls. Which of the following reactions represents this correctly ?
(a) $CaO\,(s) + CO_2\,(g) \rightarrow CaCO_3\,(s)$
(b) $CaO\,(l) + CO_2\,(g) \rightarrow CaCO_3\,(s)$
(c) $Ca(OH)_2\,(l) + CO_2\,(l) \rightarrow CaCO_3\,(s) + H_2O\,(l)$
(d) $Ca(OH)_2\,(aq) + CO_2\,(g) \rightarrow CaCO_3\,(s) + H_2O\,(l)$

10. Which one of the following equations is the balanced chemical equation for the given reaction ?
$Fe + H_2O \rightarrow Fe_3O_4 + H_2$
(a) $Fe + 4H_2O \rightarrow Fe_3O_4 + H_2$
(b) $3Fe + H_2O \rightarrow Fe_3O_4 + 2H_2$
(c) $3Fe + 4H_2O \rightarrow Fe_3O_4 + 4H_2$
(d) $3Fe + 4H_2O \rightarrow Fe_3O_4 + H_2$

11. The term Phyllotaxy refers to the pattern of :
(a) arrangement of leaves.
(b) branching in stem.
(c) flower formation on branch.
(d) arrangement of flowers.

12. Chromosomes are composed of DNA and :
(a) lipids
(b) vitamins
(c) proteins
(d) carbohydrates

13. Bacteria have an undefined nuclear region which lacks a nuclear membrane and contains only DNA without proteins. Such a region is called :
(a) Nucleosome
(b) Nucleus
(c) Nucleoprotein
(d) Nucleoid

14. In the following simplified diagram of a plant cell, five parts/organelles are marked from 1 to 5 :




Which one of the following correctly represents the above parts/organelles ?
(a) 1 – cell membrane; 2 – cell wall; 3 – vacuole; 4 – endoplasmic reticulum; 5 – nucleus
(b) 1 – cell wall; 2 – cell membrane; 3 – endoplasmic reticulum; 4 – vacuole; 5 – nucleus
(c) 1 – cell wall; 2 – cell membrane; 3 – endoplasmic reticulum; 4 – nucleus; 5 – vacuole
(d) 1 – cell wall; 2 – cell membrane; 3 – vacuole; 4 – endoplasmic reticulum; 5 – nucleus

15. प्रसिद्ध राजनीतिक ग्रंथ *अमुक्तमल्यद* की भाषा निम्नलिखित में से कौन-सी है ?

(a) संस्कृत

(b) तमिल

(c) कन्नड़

(d) तेलुगु

16. जैन धर्म के श्वेतांबर संप्रदाय के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) वे भिक्षु, जो श्वेत वस्त्र पहनते हैं।

(b) वे भिक्षु, जिन्होंने चौथी शताब्दी BCE में विंध्य के दक्षिण की ओर प्रवास किया।

(c) उन्होंने 12 अंगों सहित धर्म-सूत्रों (कैनोनिकल टेक्स्ट) को मान्यता दी।

(d) वे विश्वास करते थे कि स्त्रियाँ भी मोक्ष प्राप्त कर सकती हैं।

17. विक्रमखोल गुफा कहाँ स्थित है ?

(a) ओडिशा

(b) बिहार

(c) तेलंगाना

(d) पश्चिम बंगाल

18. 'लेवलोइस तकनीक' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इसका संबंध छिद्रित हड़प्पा मृद्‌भांड बनाने से है।

2. इसका संबंध प्रागैतिहासिक शल्क उपकरण बनाने से है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

19. निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. शारदा लिपि का प्रयोग करके गाथा भाषा (प्राचीन प्राकृत का परिष्कृत संस्करण) में लिखी गई बख्शाली पांडुलिपि का संबंध भिन्न, वर्गमूल, समांतर और गुणोत्तर श्रेढ़ी जैसे विषयों से है।

2. ज्यामिति के क्षेत्र में, आर्यभट्ट ने पाई ($\pi$) का चार दशमलव स्थान तक का अत्यधिक सही मान 3·1416 देते हुए वृत्त के विभिन्न गुणों का वर्णन किया है।

3. शार्ङ्गधर संहिता प्राचीन भारत की राजनीतिक प्रणाली पर एक महत्त्वपूर्ण ग्रंथ है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 1 और 2

(d) केवल 2

20. भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947 के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम के लिए विधेयक 4 जुलाई को संसद में पुरःस्थापित किया गया और इसे 18 जुलाई, 1947 को शाही स्वीकृति (रॉयल एसेंट) प्राप्त हुई।

(b) 1947 के अधिनियम ने भारतीय संविधान का मूलभूत ढाँचा निर्धारित किया।

(c) इस अधिनियम में भारत और पाकिस्तान के रूप में दो स्वतंत्र डोमिनियन स्थापित करने के लिए उपबंधित किया गया था।

(d) इस अधिनियम ने प्रत्येक डोमिनियन की संविधान सभा को कोई भी संविधान बनाने और उसे अंगीकार करने की असीमित शक्ति प्रदान की।

15. Which one of the following is the language of the famous political treatise *Amuktmalyada* ?

(a) Sanskrit

(b) Tamil

(c) Kannada

(d) Telugu

16. Which one of the following statements about the Shvetambara Sect of Jainism is ***not*** correct ?

(a) It refers to monks, who wear white clothes.

(b) It refers to monks, who migrated to the south of Vindhyas in $4^{th}$ century BCE.

(c) They recognized the existence of canonical texts including the 12 Angas.

(d) They believed that women can also attain salvation.

17. Where is the Vikramkhol Cave located ?

(a) Odisha

(b) Bihar

(c) Telangana

(d) West Bengal

18. Consider the following statements regarding the 'Levallois Technique' :

1. It refers to making perforated Harappa pottery.
2. It refers to making prehistoric flake tools.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

19. Which of the following statements is/are correct ?

1. The Bakshali Manuscript written in the Gatha language (a refined version of old Prakrit) using the Sharada script deals with topics such as fractions, square roots, arithmetic and geometric progressions.
2. In the field of geometry, Aryabhatta described the various properties of a circle giving a very accurate value for pi ($\pi$) correct to four decimal places at 3·1416.
3. Sharangadhara Samhita is an important text on political system of ancient India.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3

(b) 1 and 3 only

(c) 1 and 2 only

(d) 2 only

20. Which one of the following is ***not*** correct about the Indian Independence Act, 1947 ?

(a) The Bill for the Indian Independence Act was introduced in Parliament on July 4 and received the Royal Assent on July 18, 1947.

(b) Act of 1947 laid down the basic framework of the Indian Constitution.

(c) The Act provided for the establishment of two independent Dominions to be known as India and Pakistan.

(d) The Act empowered the Constituent Assembly of each Dominion to have unlimited power to frame and adopt any constitution.

21. 1 जनवरी, 2015 के मंत्रिमंडल के संकल्प के अनुसार, नीति आयोग में कौन सम्मिलित हैं ?

1. भारत के प्रधानमंत्री
2. शासी परिषद, जिसमें सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और संघ राज्य क्षेत्रों के उप-राज्यपाल शामिल हैं
3. ग्रामीण विकास मंत्री
4. मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिसे प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्त किया जाएगा

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3
(b) 1, 2 और 4
(c) केवल 1 और 2
(d) केवल 3 और 4

22. नए वित्त वर्ष के प्रारंभ में भारत सरकार की अस्थाई और चालू अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए कार्यपालिका को अग्रिम अनुदान दिया जाता है जब तक कि इन माँगों को विधान-मंडल द्वारा मतदान से पारित नहीं किया जाता है। इसे क्या कहते हैं ?

(a) प्रत्ययानुदान
(b) लेखानुदान
(c) विनियोग विधेयक
(d) अग्रिम लेखा

23. निम्नलिखित में से संयुक्त राष्ट्र संधारणीय विकास लक्ष्य कौन-सा/कौन-से है/हैं ?

1. अच्छा कार्य और आर्थिक संवृद्धि
2. शांति, न्याय और सुदृढ़ संस्थाएँ
3. उत्तरदायित्वपूर्ण उपभोग और उत्पादन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) 1, 2 और 3
(c) केवल 2
(d) केवल 1 और 3

24. 'कुहरा' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कुहरा केवल मेघ है जो भूमिपृष्ठ के निकट बनता है।
2. विकिरण कुहरे का संबंध रात्रि के समय भूमिपृष्ठ के विकिरण शीतलन से है।
3. अभिवहन कुहरा तब बनता है जब आर्द्रता (नमी) किसी ठंडी सतह पर बहती है और संपर्क में आने पर शीघ्र ठंडी हो जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

25. वायु अपरदन द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से स्थलरूप निर्मित होता है/होते हैं ?

(a) सर्क
(b) स्टैक
(c) ज़्यूगेन
(d) स्टैक और ज़्यूगेन दोनों

26. शुष्क भूमि कृषि के अंतर्गत निम्नलिखित में से किस फसल की खेती ***नहीं*** की जाती है ?

(a) ज्वार
(b) रागी
(c) गन्ना
(d) मूँगफली

27. निम्नलिखित में से किस प्रकार का सेटलमेंट झील के चारों ओर निर्मित होता है ?

(a) रैखिक
(b) क्रॉस आकार
(c) वृत्ताकार
(d) वर्गाकार

21. As per the Cabinet Resolution of 1st January, 2015, the NITI Aayog consists of :

1. Prime Minister of India
2. Governing Council comprising of Chief Minister of all the States and Lieutenant Governors of Union Territories
3. Rural Development Minister
4. Chief Executive Officer to be appointed by the Prime Minister

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3
(b) 1, 2 and 4
(c) 1 and 2 only
(d) 3 and 4 only

22. The executive is given an advance grant to meet temporary and running requirements of Government of India in the beginning of the new financial year until the demands are voted by the legislature. This is known as :

(a) Vote of Credit
(b) Vote on Account
(c) Appropriation Bill
(d) Advance Account

23. Which of the following is/are United Nations Sustainable Development Goal(s) ?

1. Decent work and economic growth
2. Peace, justice and strong institutions
3. Responsible consumption and production

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 1, 2 and 3
(c) 2 only
(d) 1 and 3 only

24. Consider the following statements on 'Fog' :

1. Fog is simply a cloud that forms close to the ground.
2. Radiation fog is associated with radiation cooling of the land at night.
3. Advection fog forms when moisture is blown over a cold surface and is chilled by contact.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

25. Which one of the following landforms is/are formed by wind erosion ?

(a) Cirque
(b) Stack
(c) Zeugen
(d) Stack and Zeugen both

26. Which one of the following crops is ***not*** cultivated under dryland farming ?

(a) Jowar
(b) Ragi
(c) Sugarcane
(d) Groundnut

27. Which one of the following forms of settlement develops around a lake ?

(a) Linear
(b) Cross-shaped
(c) Circular
(d) Square

28. संसाधनों को उनके उद्भव के आधार पर कैसे वर्गीकृत किया जा सकता है ?

(a) जीवीय (बायोटिक) और अजैविक (अबायोटिक)

(b) नवीकरणीय और अनवीकरणीय

(c) व्यक्तिगत और सामुदायिक

(d) संभाव्य और आरक्षित

29. निम्नलिखित में से कौन-सा अफ्रीका का सबसे ऊँचा पर्वत है ?

(a) एटलस माउंटेन

(b) माउंट किलिमंजारो

(c) माउंट केन्या

(d) माउंट एलगॉन

30. सरकार की निम्नलिखित किस/किन कार्रवाई/कार्रवाइयों से अर्थव्यवस्था में मुद्रा की आपूर्ति में कमी आएगी ?

1. केंद्रीय बैंक द्वारा जनता से राजकोष बिलों की खरीद करना
2. केंद्रीय बैंक द्वारा जनता को राजकोष बिलों की बिक्री करना
3. केंद्रीय बैंक द्वारा विदेशी मुद्रा की बिक्री करना
4. केंद्रीय बैंक द्वारा विदेशी मुद्रा की खरीद करना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 4

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 2

31. संकुचित मुद्रा की परिभाषा में निम्नलिखित में से क्या-क्या शामिल हैं ?

1. जनता के पास मुद्रा
2. माँग जमा
3. भारतीय रिज़र्व बैंक के पास 'अन्य' जमा
4. भारतीय रिज़र्व बैंक के पास बैंकर का जमा

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 4

(b) केवल 1 और 2

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 3 और 4

32. मुद्रा के अवमूल्यन या मूल्यह्रास का/के प्रभाव निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से है/हैं ?

1. इससे आयात में वृद्धि और निर्यात में कमी होती है।
2. इससे निर्यात में वृद्धि और आयात में कमी होती है।
3. इससे घरेलू मुद्रास्फीति में वृद्धि होती है।
4. इससे घरेलू मुद्रास्फीति में कमी आती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 3

(b) केवल 1 और 4

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 3

33. भारत में निम्नलिखित में से किस कर को माल और सेवा कर में सम्मिलित ***नहीं*** किया गया है ?

(a) सीमा शुल्क

(b) केंद्रीय उत्पाद शुल्क

(c) सेवा कर

(d) पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों पर कर

34. निम्नलिखित आरेख में लोलक (पेंडुलम) को विभिन्न स्थितियों में दर्शाया गया है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?




(a) स्थिति P और T पर लोलक की स्थितिज ऊर्जा न्यूनतम है।

(b) स्थिति Q और S पर लोलक की स्थितिज ऊर्जा न्यूनतम है।

(c) स्थिति R पर लोलक की स्थितिज ऊर्जा न्यूनतम है।

(d) सभी स्थितियों पर लोलक की स्थितिज ऊर्जा समान है।

28. How can resources be classified on the basis of their origin ?

(a) Biotic and abiotic

(b) Renewable and non-renewable

(c) Individual and community

(d) Potential and reserve

29. Which one among the following is the highest mountain in Africa ?

(a) Atlas Mountain

(b) Mount Kilimanjaro

(c) Mount Kenya

(d) Mount Elgon

30. Which of the following action(s) by the Government would lead to contraction of money supply in the economy ?

1. Purchase of Treasury Bills by the central bank from public
2. Sale of Treasury Bills by the central bank to public
3. Sale of foreign exchange by the central bank
4. Purchase of foreign exchange by the central bank

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 4 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 2 only

31. Which of the following are included in the definition of Narrow Money ?

1. Currency with the public
2. Demand deposits
3. 'Other' deposits with Reserve Bank of India
4. Banker's deposits with Reserve Bank of India

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 4

(b) 1 and 2 only

(c) 1, 2 and 3

(d) 3 and 4 only

32. Which of the following is/are the effects of devaluation or depreciation of currency ?

1. It leads to increase in imports and decrease in exports.
2. It leads to increase in exports and decrease in imports.
3. It leads to increase in domestic inflation.
4. It leads to decrease in domestic inflation.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 3 only

(b) 1 and 4 only

(c) 2 and 3 only

(d) 3 only

33. Which one of the following taxes is ***not*** subsumed under the Goods and Services Tax in India ?

(a) Customs Duties

(b) Central Excise Duties

(c) Service Tax

(d) Taxes on Petroleum and Petroleum Products

34. The following diagram shows a pendulum at different positions. Which one of the following statement is true ?




(a) The pendulum has minimum potential energy at positions P and T.

(b) The pendulum has minimum potential energy at positions Q and S.

(c) The pendulum has minimum potential energy at position R.

(d) The pendulum has same potential energy at all positions.

35. निम्नलिखित किस माध्यम में, ध्वनि की चाल अधिकतम होती है ?

(a) काँच

(b) जंगरोधी इस्पात

(c) जल

(d) ऑक्सीजन

36. एक आवेशित कण किसी चुंबकीय क्षेत्र **B** में से **v** वेग से गुज़रता है । कण द्वारा अनुभव किए गए बल (**F**) के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) **F** अधिकतम है जब **v** और **B** एक-दूसरे के समांतर होते हैं।

(b) **F** अधिकतम है जब **v** और **B** एक-दूसरे के प्रति-समांतर होते हैं।

(c) **F** अधिकतम है जब **v** और **B** एक-दूसरे के लंबवत् होते हैं।

(d) **F** बल, **v** और **B** के बीच के कोण से स्वतंत्र है।

37. निम्नलिखित में से कौन-सा सेल्सियस और फारेनहाइट तापक्रमों के बीच सही संबंध को दर्शाता है ? (प्रतीकों का अपना सामान्य अर्थ है)

(a) $T_F = \frac{10}{3} T_C + 32$

(b) $T_F = \frac{5}{9} T_C + 36$

(c) $T_F = \frac{9}{5} T_C + 36$

(d) $T_F = \frac{9}{5} T_C + 32$

38. किसी किरणपुंज के किसी विरल से किसी सघन माध्यम में प्रगमन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) किसी विरल माध्यम से किसी सघन माध्यम में प्रगमन करने वाली किसी किरणपुंज की गति धीमी हो जाती है और अभिलंब की ओर मुड़ जाती है।

(b) किसी विरल माध्यम से किसी सघन माध्यम में प्रगमन करने वाली किसी किरणपुंज की गति में वृद्धि हो जाती है और अभिलंब की ओर मुड़ जाती है।

(c) किसी विरल माध्यम से किसी सघन माध्यम में प्रगमन करने वाली किसी किरणपुंज की गति धीमी हो जाती है और अभिलंब से दूर मुड़ जाती है।

(d) किसी विरल माध्यम से किसी सघन माध्यम में प्रगमन करने वाली किरणपुंज की गति में वृद्धि हो जाती है और अभिलंब से दूर मुड़ जाती है।

39. निम्नलिखित में से किस स्थिति में भौतिक और रासायनिक दोनों परिवर्तन होते हैं ?

(a) मोमबत्ती का जलना

(b) पानी का जमना

(c) खाना पकाना

(d) लोहे में जंग लगना

40. हीरा और ग्रैफाइट के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) हीरा और ग्रैफाइट में सदृश भौतिक और रासायनिक गुणधर्म होते हैं।

(b) हीरा कठोर होता है किंतु ग्रैफाइट मसृण और फिसलनयुक्त होता है।

(c) हीरा और ग्रैफाइट दोनों विद्युत के अचालक होते हैं।

(d) हीरा और ग्रैफाइट दोनों की संरचनाएँ समरूपी होती हैं।

35. In which of the following media is the speed of sound the maximum ?

(a) Glass

(b) Stainless steel

(c) Water

(d) Oxygen

36. A charged particle moves through a magnetic field **B** with a velocity **v**. Which one of the following statements is true for the force (**F**) experienced by the particle ?

(a) **F** is maximum when **v** and **B** are parallel to each other.

(b) **F** is maximum when **v** and **B** are anti-parallel to each other.

(c) **F** is maximum when **v** and **B** are perpendicular to each other.

(d) The force **F** is independent of the angle between **v** and **B**.

37. Which one of the following is the correct relation between Celsius and Fahrenheit temperature scales ?

(Symbols carry their usual meanings)

(a) $T_F = \frac{10}{3} T_C + 32$

(b) $T_F = \frac{5}{9} T_C + 36$

(c) $T_F = \frac{9}{5} T_C + 36$

(d) $T_F = \frac{9}{5} T_C + 32$

38. Which one of the following statements is correct regarding the travel of a light beam from a rare to a dense medium ?

(a) A light beam travelling from a rare medium to a dense medium slows down and bends towards the normal.

(b) A light beam travelling from a rare medium to a dense medium speeds up and bends towards the normal.

(c) A light beam travelling from a rare medium to a dense medium slows down and bends away from the normal.

(d) A light beam travelling from a rare medium to a dense medium speeds up and bends away from the normal.

39. In which one of the following cases do both physical and chemical changes take place ?

(a) Burning of candle

(b) Freezing of water

(c) Cooking of food

(d) Rusting of iron

40. Which one of the following statements is correct about diamond and graphite ?

(a) Diamond and graphite have similar physical and chemical properties.

(b) Diamond is hard but graphite is smooth and slippery.

(c) Diamond and graphite are both non-conductors of electricity.

(d) Both diamond and graphite have similar structures.

41. निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ यौगिक है ?

(a) शर्करा

(b) वायु

(c) दूध

(d) चाय

42. प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले तत्त्वों की कुल संख्या कितनी है ?

(a) 114

(b) 94

(c) 86

(d) 82

43. अम्लों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल आमाशय द्वारा स्रावित जठर रस में विद्यमान होता है।

(b) ऐसीटिक अम्ल सिरके का मुख्य घटक है।

(c) इमली की लेई (पेस्ट) में ऑक्सैलिक अम्ल पाया जाता है।

(d) नींबू और संतरे के रस में क्रमशः सिट्रिक अम्ल और ऐस्कॉर्बिक अम्ल पाया जाता है।

44. निम्नलिखित में से कौन-सा, अंगकों और उनके प्रकार्यों का सही संयोजन है ?

(a) माइटोकॉन्ड्रिया – श्वसन; हरितलवक – प्रकाश-संश्लेषण; राइबोसोम – प्रोटीन संश्लेषण; खुरदरी अंतर्द्रव्यी जालिका – प्रोटीन का परिवहन

(b) माइटोकॉन्ड्रिया – श्वसन; हरितलवक – प्रकाश-संश्लेषण; राइबोसोम – प्रोटीन का परिवहन; खुरदरी अंतर्द्रव्यी जालिका – प्रोटीन संश्लेषण

(c) माइटोकॉन्ड्रिया – श्वसन; हरितलवक – प्रोटीन संश्लेषण; राइबोसोम – प्रकाश-संश्लेषण; खुरदरी अंतर्द्रव्यी जालिका – प्रोटीन का परिवहन

(d) माइटोकॉन्ड्रिया – प्रकाश-संश्लेषण; हरितलवक – श्वसन; राइबोसोम – प्रोटीन संश्लेषण; खुरदरी अंतर्द्रव्यी जालिका – प्रोटीन का परिवहन

45. निम्नलिखित में से किस जीव में कोशिका भित्ति विद्यमान नहीं होती है ?

(a) जीवाणु

(b) डायटम

(c) मशरूम (छत्रक)

(d) फीताकृमि

46. ऊँचे पेड़ों में दारु (ज़ाइलम) वाहिकाओं के माध्यम से जल ऊपर की ओर चढ़ता है। पौधों में होने वाली प्रक्रिया और पानी के गुणधर्म, जो ऊर्ध्वगति में सहायक होते हैं, वे कौन-से हैं ?

(a) श्वसन और संसंजन

(b) वाष्पोत्सर्जन खिंचाव, संसंजन और आसंजन

(c) मूल दाब, संसंजन और आसंजन

(d) वाष्पोत्सर्जन और आसंजन

47. किसी पारितंत्र में ऊर्जा और पोषक-तत्त्व एक पोषण स्तर से दूसरे पोषण स्तर में प्रवाहित होते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन किसी पारितंत्र में ऊर्जा और पोषक-तत्त्वों के प्रवाह की दिशा का सही रूप से वर्णन करता है ?

(a) ऊर्जा प्रवाह चक्रीय और पोषक प्रवाह एकदिशीय होता है।

(b) ऊर्जा प्रवाह एकदिशीय और पोषक प्रवाह चक्रीय होता है।

(c) ऊर्जा प्रवाह और पोषक प्रवाह दोनों एकदिशीय होते हैं।

(d) ऊर्जा प्रवाह और पोषक प्रवाह दोनों चक्रीय होते हैं।

48. निम्नलिखित में से कौन-सा मृतजीवी है ?

(a) *अमरबेल (कस्कुटा)*

(b) *राइज़ोपस*

(c) *स्पाइरोगाइरा*

(d) घास

**41.** Which one among the following substances is a compound ?

(a) Sugar

(b) Air

(c) Milk

(d) Tea

**42.** What is the total number of naturally occurring elements ?

(a) 114

(b) 94

(c) 86

(d) 82

**43.** Which one of the following statements regarding acids is ***not*** correct ?

(a) Hydrochloric acid is present in the gastric juice secreted by the stomach.

(b) Acetic acid is the main constituent of vinegar.

(c) Oxalic acid is found in tamarind paste.

(d) Lemon and orange juices contain citric acid and ascorbic acid respectively.

**44.** Which one of the following is the correct combination of organelles and their functions ?

(a) Mitochondria – Respiration; Chloroplast – Photosynthesis; Ribosome – Protein Synthesis; Rough endoplasmic reticulum – Transport of proteins

(b) Mitochondria – Respiration; Chloroplast – Photosynthesis; Ribosome – Transport of proteins; Rough endoplasmic reticulum – Protein synthesis

(c) Mitochondria – Respiration; Chloroplast – Protein synthesis; Ribosome – Photosynthesis; Rough endoplasmic reticulum – Transport of proteins

(d) Mitochondria – Photosynthesis; Chloroplast – Respiration; Ribosome – Protein synthesis; Rough endoplasmic reticulum – Transport of proteins

**45.** Cell wall is absent in which one of the following organisms ?

(a) Bacteria

(b) Diatom

(c) Mushroom

(d) Tapeworm

**46.** Water goes up through xylem vessels in tall trees. The process in plants and properties of water that help in upward movement are :

(a) Respiration and cohesion

(b) Transpiration pull, cohesion and adhesion

(c) Root pressure, cohesion and adhesion

(d) Transpiration and adhesion

**47.** Energy and nutrients flow from one trophic level to another in an ecosystem. Which one of the following statements correctly describes the direction of flow of energy and nutrients in an ecosystem ?

(a) Energy flow is cyclic and nutrient flow is unidirectional.

(b) Energy flow is unidirectional and nutrient flow is cyclic.

(c) Both energy and nutrient flow are unidirectional.

(d) Both energy and nutrient flow are cyclic.

**48.** Which one of the following is a saprophyte ?

(a) *Cuscuta*

(b) *Rhizopus*

(c) *Spirogyra*

(d) Grass

49. आवृतबीजियों के बीजांड में, निम्नलिखित में से कौन-सी अगुणित कोशिका ***नहीं*** है ?

(a) बीजांडकाय

(b) सहाय कोशिका

(c) अंड

(d) प्रतिव्यासांत

50. शिवाजी से संबद्ध निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

1. अफ़ज़ल खान पर आक्रमण
2. तोरणा पर कब्ज़ा
3. शाइस्ता खान पर आक्रमण
4. जावली को राज्य में मिला लेना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 2, 4, 1, 3

(b) 4, 2, 1, 3

(c) 1, 2, 3, 4

(d) 3, 1, 2, 4

51. *'द इंडियन स्ट्रगल 1920 – 1942'* पुस्तक के लेखक निम्नलिखित में से कौन हैं ?

(a) विनायक दामोदर सावरकर

(b) सुभाष चंद्र बोस

(c) वल्लभ भाई पटेल

(d) शरत चंद्र बोस

52. निम्नलिखित में से कौन एक महिला नायनार संत ***नहीं*** है ?

(a) कराइक्कल अम्मइयार

(b) मंगयार्ककरसियार

(c) अंडाल

(d) इसाईग्नानियार

53. पद और उनके अर्थ से संबंधित निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

(a) नागरक्कणी : नगरम के स्वामित्वाधीन भूमि

(b) नट्टर : नर नाग देवता

(c) यूप : यज्ञ-बलि स्तंभ

(d) वीरागल : तमिलनाडु क्षेत्र में 'वीर शिला'

54. गुप्तकाल का प्रसिद्ध देवगढ़ मंदिर कहाँ स्थित है ?

(a) उत्तर प्रदेश

(b) मध्य प्रदेश

(c) छत्तीसगढ़

(d) राजस्थान

55. चोल कालीन नटराज की काँस्य प्रतिमा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. शिव को उनके दाहिने पैर पर संतुलित रूप से खड़े हुए दिखाया गया है, जो *तिरोभाव* का द्योतक है।
2. शिव को उनके बायाँ पैर उठाए हुए *भुजंगत्रासित* की स्थिति में दिखाया गया है, जो भक्त के मन से माया (भ्रम) हटा देने का द्योतक है।
3. मुख्य दाहिना हाथ डमरू पकड़े हुए है, जो शिव का प्रिय वाद्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

**49.** In ovules of Angiosperms, which one of the following is ***not*** a haploid cell ?

(a) Nucellus

(b) Synergid

(c) Egg

(d) Antipodal

**50.** Arrange the following events associated with Shivaji in chronological order :

1. Attack on Afzal Khan
2. Capture of Torna
3. Attack on Shaista Khan
4. Annexation of Javli

Select the correct answer using the code given below :

(a) 2, 4, 1, 3

(b) 4, 2, 1, 3

(c) 1, 2, 3, 4

(d) 3, 1, 2, 4

**51.** Who among the following is the author of the book *'The Indian Struggle 1920 – 1942'* ?

(a) Vinayak Damodar Savarkar

(b) Subhas Chandra Bose

(c) Vallabhbhai Patel

(d) Sarat Chandra Bose

**52.** Who among the following is ***not*** a woman Nayanar saint ?

(a) Karaikkal Ammaiyar

(b) Mangayarkkarasiyar

(c) Andal

(d) Isaignaniyar

**53.** Which one of the following pairs of terms and their meanings is ***not*** correctly matched ?

(a) Nagarakkani : Land owned by the nagaram

(b) Nattar : Male serpent deity

(c) Yupa : Sacrificial post

(d) Viragal : 'Hero stone' in the Tamil Nadu area

**54.** Where is the famous Gupta period Deogarh Temple situated ?

(a) Uttar Pradesh

(b) Madhya Pradesh

(c) Chhattisgarh

(d) Rajasthan

**55.** Consider the following statements with reference to the Nataraj bronze sculpture of Chola period :

1. Shiva is shown balancing himself on his right leg representing *tirobhava*.
2. Shiva is shown raising his left leg in *bhujangatrasita* stance, representing kicking away the illusion from the devotee's mind.
3. The main right hand holds the *damaru*, Shiva's favourite musical instrument.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

56. ASEAN (आसियान) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

1. सदस्य देशों के अंग्रेजी नामों के वर्णक्रम के आधार पर ASEAN (आसियान) की अध्यक्षता वार्षिक रूप से बारी-बारी से आती है।
2. सदस्य देशों के बीच मतदान के द्वारा अध्यक्षता पर निर्णय लिया जाता है।
3. ASEAN (आसियान) का आदर्श वाक्य है, "एक दृष्टि, एक पहचान, एक समुदाय"।
4. 12 अगस्त को ASEAN (आसियान) दिवस के रूप में मनाया जाता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

57. सार्वजनिक वितरण प्रणाली के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सार्वजनिक वितरण प्रणाली को केंद्र और राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के संयुक्त उत्तरदायित्व के अधीन संचालित किया जाता है।
2. भारतीय खाद्य निगम ने खाद्यान्नों का प्रापण, भंडारण और राज्य सरकारों को परिवहन करने का उत्तरदायित्व लिया है।
3. पात्र लाभार्थियों की पहचान करना, केंद्र और राज्य सरकार दोनों का संयुक्त उत्तरदायित्व है।
4. कुछ राज्य PDS की दुकानों के माध्यम से व्यापक उपभोग की अतिरिक्त मदों जैसे दाल, खाद्य तेल, आदि का भी वितरण कर रहे हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 2 और 3
(b) 1, 2 और 4
(c) केवल 1 और 2
(d) केवल 3 और 4

58. निम्नलिखित में से किन संकल्पनाओं को मानव विकास के स्तंभ के रूप में माना जाता है ?

1. समता
2. सतत पोषणीयता
3. उत्पादकता
4. सुरक्षा

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3 और 4
(c) केवल 1, 2 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

59. निम्नलिखित घटनाओं और वर्षों के युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

(a) प्रथम संचार उपग्रह का प्रमोचन (लॉन्च) : 1962
(b) विश्वव्यापी फाइबर-ऑप्टिक केबिल लिंक का एक अविच्छिन्न चक्र का पूरा होना : 1997
(c) विश्वव्यापी इलेक्ट्रॉनिक अंतर-बैंक निधि अंतरण के लिए SWIFT प्रणाली बनाना : 1977
(d) वर्ल्ड वाइड वेब (www) का प्रारंभ : 1995

60. नीचे दिए गए अभिलक्षणों के आधार पर मृदा के प्रकार की पहचान कीजिए :

1. उनमें सोडियम, पोटैशियम और मैग्नीशियम बड़े अनुपात में होते हैं, और इसलिए, वे अनुर्वर हैं।
2. उनकी संरचना बलुई से दुमट श्रेणी तक की है।
3. वे पश्चिम गुजरात, पूर्वी तट के डेल्टा और पश्चिम बंगाल के सुंदरबन क्षेत्रों में विस्तृत रूप से मौजूद हैं।

(a) पीटमय मृदा
(b) लैटेराइट मृदा
(c) शुष्क मृदा
(d) लवणीय मृदा

56. Which of the following statements about ASEAN are correct ?

1. The Chairmanship of ASEAN rotates annually based on the alphabetical order of the English names of Member States.
2. The Chairmanship is decided by voting among the Member States.
3. "One Vision, One Identity, One Community" is the ASEAN motto.
4. $12^{th}$ August is celebrated as ASEAN Day.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 1 and 3 only
(c) 3 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

57. Consider the following statements about the Public Distribution System :

1. The Public Distribution System is operated under the joint responsibility of Centre and State/Union Territories.
2. Food Corporation of India has assumed the responsibility for procurement, storage and transportation of food grains to the State Governments.
3. Both Centre and State have the joint responsibility to identify eligible beneficiaries.
4. Some States also distribute additional items of mass consumption through the PDS outlets such as pulses, edible oil, etc.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 2 and 3 only
(b) 1, 2 and 4
(c) 1 and 2 only
(d) 3 and 4 only

58. Which of the following concepts are considered as pillars of Human Development ?

1. Equity
2. Sustainability
3. Productivity
4. Security

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 3 and 4 only
(c) 1, 2 and 3 only
(d) 1, 2, 3 and 4

59. Which one of the following pairs of events and years is ***not*** correctly matched ?

(a) Launch of the first communications satellite : 1962
(b) Completion of a continuous around the world fibre-optic cable link : 1997
(c) Creation of the SWIFT system for worldwide electronic interbank fund transfer : 1977
(d) Introduction of the World Wide Web (www) : 1995

60. Identify the type of soil on the basis of given characteristics :

1. They contain a large proportion of sodium, potassium and magnesium, and thus, they are infertile.
2. Their structure ranges from sandy to loamy.
3. They are more widespread in western Gujarat, deltas of the eastern coast and in Sunderban areas of West Bengal.

(a) Peaty soil
(b) Laterite soil
(c) Arid soil
(d) Saline soil

61. निम्नलिखित में से किस राज्य की राजधानी भूमध्यरेखा के सबसे निकट है ?

(a) हैदराबाद

(b) भुवनेश्वर

(c) पणजी

(d) मुंबई

62. विश्व का एकमात्र देश कौन-सा है, जिसने आधिकारिक रूप से सकल राष्ट्रीय खुशहाली (GNH) को देश की प्रगति का माप घोषित किया है ?

(a) फिनलैंड

(b) भूटान

(c) नेपाल

(d) स्विट्ज़रलैंड

63. मेघों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. मेघों के दो प्रमुख प्रकार स्तरी मेघ (स्ट्रैटीफॉर्म) और कपासी मेघ (क्यूम्यूलीफॉर्म) हैं।

2. ऊँचाई के अनुसार, मेघों को ऊँचे मेघ, मध्य ऊँचाई के मेघ और कम ऊँचाई के मेघ के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

3. स्तरी, वर्षा-स्तरी और स्तरी-कपासी मेघ ऊँचे मेघों के प्रकार हैं।

4. जिन मेघों के नाम के साथ निम्बो (nimbo) संलग्न है, वे वर्षा करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) 1, 2 और 4

(c) केवल 2 और 4

(d) 1, 3 और 4

64. प्राथमिक घाटे के परिकलन के लिए राजकोषीय घाटे से निम्नलिखित में से किस व्यय को घटाया जाता है ?

(a) रक्षा व्यय

(b) सहायिकी (सब्सिडी) पर व्यय

(c) ब्याज का भुगतान

(d) पेंशन

65. 2021 – 2022 के दौरान निम्नलिखित में से किन घटकों के कारण थोक कीमत स्फीति में वृद्धि हुई है ?

1. कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तीव्र वृद्धि

2. कोविड के पश्चात् आर्थिक गतिविधि में कमी

3. वैश्विक आपूर्ति शृंखला का टूटना

4. उच्च मालभाड़ा लागत

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 2 और 3

(b) 1, 3 और 4

(c) केवल 1 और 2

(d) केवल 1 और 4

66. यदि लोग मुद्रा को हाथ में अधिक रखना और जमा कम करना शुरू कर देते हैं, तो अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ेगा ?

(a) मुद्रा की माँग में वृद्धि होगी

(b) मुद्रा गुणक (मनी मल्टीप्लायर) कम हो जाएगा

(c) मुद्रा गुणक (मनी मल्टीप्लायर) में वृद्धि होगी

(d) मुद्रा की माँग घट जाएगी

61. Which one among the following State capitals is closest to the Equator ?

(a) Hyderabad

(b) Bhubaneswar

(c) Panaji

(d) Mumbai

62. Which is the only country in the world to officially proclaim the Gross National Happiness (GNH) as the measure of the country's progress ?

(a) Finland

(b) Bhutan

(c) Nepal

(d) Switzerland

63. Consider the following statements about clouds :

1. Two major forms of clouds are stratiform and cumuliform.
2. According to the altitude, clouds are classified as high clouds, middle clouds and low clouds.
3. Stratus, nimbostratus and stratocumulus are types of high clouds.
4. Clouds having nimbo attached to their name produce precipitation.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 1, 2 and 4

(c) 2 and 4 only

(d) 1, 3 and 4

64. Which one of the following expenditures is subtracted from Fiscal Deficit to arrive at Primary Deficit ?

(a) Defence expenditure

(b) Expenditure on subsidies

(c) Interest payments

(d) Pension

65. The Wholesale Price Inflation has increased in India during 2021 – 2022 due to which of the following factors ?

1. Sharp increase in international prices of crude oil
2. Decrease in economic activity post-Covid
3. Disruption of global supply chain
4. High freight cost

Select the correct answer using the code given below :

(a) 2 and 3 only

(b) 1, 3 and 4

(c) 1 and 2 only

(d) 1 and 4 only

66. What would be the impact on the economy if people start holding more currency in hand and less in deposits ?

(a) Money demand will increase

(b) Money multiplier will decrease

(c) Money multiplier will increase

(d) Money demand will decrease

